


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,गुरूवार 26 जनवरी,2023 वर्ष–07 / अंक–255 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

**गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में 26 तारीख को हमारे कार्यालय में अवकाश रहेगा अंक 28 तारीख को आएगा आज्ञा से संपादक**

## भारत–मिस्र रणनीतिक साझेदारी को नए सिरे से बढ़ाने पर सहमत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी के बीच बुधवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को नए सिरे से बढ़ाने पर सहमति बनी। भारत–मिस्र रणनीतिक साझेदारी के तहत दोनों पक्षों ने राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विज्ञान के क्षेत्र में अधिक सहयोग के लिए एक दीर्घकालिक रूपरेखा विकसित करेंगे।


बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच आज की बातचीत का मुख्य आकर्षण द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ाना है। जिसमें चार प्रमुख स्तंभ हैं– राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग, आर्थिक जुड़ाव, वैज्ञानिक व शैक्षणिक सहयोग, और व्यापक सांस्कृतिक तथा लोगों के बीच संपर्क शामिल हैं।

गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगी मिस्र के सशस्त्र बलों की टुकड़ी

मिस्र के राष्ट्रपति अल–सीसी भारत की यात्रा पर आए हैं। वह गुरुवार को भारत के 74वें गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे। विदेश सचिव ने बताया कि मिस्र के सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी परेड में हिस्सा लेगी। क्वात्रा ने कहा कि बुधवार सुबह, राष्ट्रपति अल–सीसी का राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनसे मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि गुरुवार को राष्ट्रपति अल–सीसी मुख्य अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगे। हम परेड में मिस्र के सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी की भागीदारी भी देखेंगे। क्वात्रा ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार शाम को मिस्र के राष्ट्रपति और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अल–सीसी की यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के अनूठे बंधन को दर्शाती है। विदेश सचिव ने कहा कि हमारे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति अल–सीसी की यात्रा संबंधों, सभ्यता के संबंधों और आजादी के लिए साझा संघर्ष के विशेष और अनूठे बंधन को दर्शाती है, जिसे भारत और मिस्र ने वर्षों से विकसित किया है।

## विभिन्न पंथों-भाषाओं ने बांटने नहीं




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरुआत में राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दीं। उन्होंने कहा कि जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल–जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं। विभिन्न पंथों–भाषाओं ने बांटने नहीं, जोड़ने का काम कियारू राष्ट्रपति राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं। इतने सारे पंथों और इतनी सारी भाषाओं ने हमें विभाजित नहीं किया है बल्कि हमें जोड़ा है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में सफल हुए हैं। यही भारत का सार–तत्व है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व–मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है। संविधान–निर्माताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी।

## छह हजार फीट की ऊंचाई से कूदे

एयरफोर्स के विमान से छह हजार फीट की ऊंचाई से जब जांबाजों ने छलांग लगाई, तो नंदानगर स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर बैठे हजारों लोग रोमांचित हो उठे। हवा में तिरंगा लहराते नौ वायु योद्धाओं की टीम दर्शकों को नजर आई तो परिसर भारत माता की जय के घोष से गूंजने लगा। हवा में कलाबाजियां करते एक–एक कर जांबाज परिसर में उतरने लगे तो लोग रोमांच से तालियां बजाने लगे। जगुआर ने जब रफ्तार के साथ आसमान में उड़ान भरी तो सभी उत्साहित हो गए।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एयरफोर्स स्टेशन की ओर से आयोजित 'सेनाओं को जानो' कार्यक्रम का उद्घाटन एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर कमोडोर मनीष सहदेव और एयरफोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष नितिका सहदेव ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों–कॉलेजों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड सहित आमजन शामिल हुए।



आयोजन का मकसद बच्चों को वायुसेना की ताकत दिखाने के साथ उन्हें गौरवशाली सेना से जुड़ने के लिए प्रेरित करना था। जगुआर के साथ सूर्यकिरण और माइक्रोलाइट गरुण प्रदर्शनी में नजर आए। एक्सपर्ट ने बच्चों को अस्त्र–शस्त्र की प्रणाली के साथ वायु सेना में कॅरिअर बनाने के बारे में बताया। स्कूली बच्चे एक–एक कर इन जहाजों के पास गए और उनकी क्षमता को करीब से जाना।

कार्यक्रम की शुरूआत एमआई फाइव हेलीकॉप्टर से अतिथियों और दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों पर फूलों की वर्षा से हुई। लोगों ने तालियां बजाकर एयरफोर्स की टीम का अभिवादन किया। एयर शो के दौरान तीन जगुआर ने एक साथ हवा में उड़कर दर्शकों को रोमांचित किया। इनके बाद तीन सूर्यकिरण एयरक्राफ्ट ने विशेष आकृति बनाते हुए वायुसेना की ताकत का अहसास कराया। एमआई फाइव हेलीकॉप्टर ने भी हवा में उड़ान भरते हुए जोश भरा।

कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र पैराट्रूपर्स के साथ–साथ वायुसेना की स्पेशल फोर्स 'गरुड़' का साहसिक प्रदर्शन रहा। वायु योद्धाओं ने दुश्मन के चंगुल से पोस्ट को छुड़ाने के ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। इस दौरान जवान हेलीकॉप्टर से जमीन पर उतरे।

## हजरतगंज में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी, भूतल पार्किंग में चालू थी खोदाई, 30 से अधिक दबे, सेना लगी

लखनऊ।लखनऊ में मंगलवार शाम खौफनाक हादसे में वजीर हसन रोड स्थित एक पांच मंजिला अपार्टमेंट ताश के पत्तों की तरह ढह मलबे में तब्दील हो गई। पांच मंजिला इमारत में करीब 12 फ्लैट बने हुए थे। इन सभी में परिवार रह रहे थे। करीब 6रू15 बजे शाम को हुए हादसे में 30 से अधिक लोग दब गए। करीब आठ बजे रेस्क्यू ऑपरेशन यहां नेशनल डिजास्टर रेस्पोंस फोर्स (एनडीआरएफ) ने पुलिस और अग्निशमन विभाग के साथ शुरू किया। शासन, प्रशासन, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित खुद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, नगर विकास मंत्री एके शर्मा बचाव कार्य के लिए पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि भूतल पर बनी पार्किंग में खोदाई कार्य चालू था। इसमें ड्रिलिंग बिल्डर की तरफ से कराई जा रही थी। जब हादसा हुआ। उस समय भी ड्रिलिंग होने की आवाजें लोगों ने सुनीं। देर रात सेना भी लगाई गई। देर रात तक करीब 15 लोगों को निकालकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। दबने वाले लोगों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। इसमें कुछ परिवार राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं से जुड़े हुए भी बताए जा रहे हैं। सपा प्रवक्ता हैदर अब्बास की मां और पत्नी मलबे में दबे हुए हैं। उनके पिता अमीर हैदर व बेटा मुस्तफा को सुरक्षित निकाल लिया गया। वह खुद अपने परिवार को बचाने की गुहार अधिकारियों से लगाते हुए बाहर मौजूद रहे। वजीर हसन रोड पर अलाया अपार्टमेंट के नाम से बनी यह इमारत करीब 15 साल पहले याजदान बिल्डर्स ने बनाई थी। अधिकारियों का कहना है कि अवैध रूप से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए यह बिल्डिंग में कई साल पहले से परिवारों ने रहना शुरू कर दिया था। बिल्डिंग के ढहने का कारण क्या है? इसकी जांच कराई जा रही है।वजीर हसन रोड पर जहां यह अलाया अपार्टमेंट बना है। वहां मुख्य सड़क ही 12 मीटर चौड़ी है। वहीं अंदर अपार्टमेंट परिसर तक जाने के लिए छह मीटर भी रास्ता नहीं था। ऐसे में रेस्क्यू टीमों को अंदर दूसरे अपार्टमेंट बिरावन हाउस और सटी हुई दूसरी सड़क की बाउंड्रीवाल तोड़नी पड़ी। इसके बाद ही लोगों को निकालने का काम शुरू हो सका। आलम यह था कि सड़क पर बाहर ही गाड़ियां खड़ी होने की वजह से अग्निशमन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अलावा एंबुलेंस की गाड़ियां भी नहीं पहुंच पा रही थीं।

## प्रेक्षक सौरभ बाबू के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण




कानपुर देहात .... जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात द्वारा प्रेक्षक महोदय के साथ ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया....बताते चलें कि सोमवार को जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बी बी जी टीएस मूर्ति द्वारा प्रेक्षक सौरभ बाबू के साथ आगामी खंड स्नातक मतदान के दृष्टिगत इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करके सर्वसम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## महानगरपालिका चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने की बैठक



भायंदर। आम आदमी पार्टी मीरा भाईंदर ने अपने कार्यकर्ताओं की चुनाव संबंधी सभा का आयोजन किया, ,जिसमे विशेष तौर से, नवनिर्वाचित महाराष्ट्र के सह प्रभारी गोपाल इटालिया,महाराष्ट्र आप सेक्रेटरी धनंजय शिंदे, कोकन आप अध्यक्ष डॉक्टर अल्तमस फैजी, मुंब्रा महिला अध्यक्ष दूरिया घड़ियाली,स्टेट कमेटी सदस्य ,जीआरसी अध्यक्ष श्री पचौरी ,आप मीरा भाईंदर अध्यक्ष सुखदेव बनबंसी,संगठन मंत्री वसईध्विरार नरेंद्र भांबवाणी,लीगल सेल अध्यक्ष रघुनाथ कुशवाहा ,उपाध्यक्ष आप मीरा भाईंदर,संजीव अग्रवाल,सह सचिव आप मीरा भाईंदर डॉक्टर भास्कर मालखेडे, उपाध्यक्ष फेरिवाला विंग अशोक ठाकुर, उपाध्यक्ष लीगल सेल हर्ष शर्मा,अध्यक्ष महिला विंग आप मीरा भाईंदर मधु सिन्हा, उपाध्यक्ष महिला विंग आप मीरा भाईंदर सोनी तिवारी,उपाध्यक्ष वार्ड 4नीलम अक्षय अरनोल , अध्यक्ष युवा विंग दुर्गेश पॉल,अध्यक्ष अल्पसंख्यक विंग आप काशी मीरा रफीक खान के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता, सभा में मौजूद थे। महाराष्ट्र का पदभार संभालने के बाद,सहप्रभारी के तौर पर,गोपाल इटालिया ने पहली सभा ,मीरा भाईंदर में की,और यहां के आप पदाधिकारियों से ,आने वाले चुनाव संबंधित ,रणनीति पर चर्चा की । आप मीरा भाईंदर अध्यक्ष सुखदेव बनबंसी ने, गोपाल इटालिया को ,आप मीरा भाईंदर द्वारा चलाए जा रहे कन्वेंसडीड और बिल्डरों पर की गई । अबतक की एफआईआर की जानकारी, और मनपा द्वारा जनता पर लगाए गए 10 प्रतिशत पैदल चलने के रोड टैक्स पर ,चलाए जा रहे ,आंदोलन की जानकारी दी,जिसकी गोपाल इटालिया व स्टेट कमेटी ने सराहना की । आम आदमी पार्टी मीरा भाईंदर के मीडिया प्रभारी,राजेश शर्मा ने बताया कि गोपाल इटालिया ने चुनाव के मद्देनजर रणनीति पर चर्चा की,और कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बताया कि किस तरह गुजरात की ,विपरीत परस्थिति में संगठन को मजबूत किया,और जनाधार बढ़ाया, जिसमे हर तरह का अनुभव हुआ।

## मोदी पर बनी BBC की विवादित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर बवाल, कैंपस में हंगामा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित और चर्चित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू (श्रछन्) एक बार फिर विवादों में हैं। हालांकि, विवाद इस बार छात्रों के आपसी टकराव का नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित एक विवादित डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन से जुड़ा है। पीएम मोदी पर बनी ठठब की विवादित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर जेएनयू परिसर में जमकर बवाल और हंगामे की खबर सामने आ रही है। इस दौरान छात्रों के गुटों की ओर से पथराव होने के आरोप भी लगाए गए। हालांकि, पुलिस की ओर से पथराव की घटना की पुष्टि नहीं की गई।

इससे पहले सोमवार को प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी के बावजूद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों के एक गुट की ओर से मंगलवार, 24 जनवरी की शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी द्वारा बनाई गई प्रतिबंध विवादित



डॉक्यूमेंट्री दिखाने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार, डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का आयोजन जेएनयू छात्र संघ की ओर से किया गया था। जबकि प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। जैसे ही बगैर अनुमति डॉक्यूमेंट्री दिखाने का मामला सामने आया तो प्रशासन छात्र संघ कार्यालय की बिजली और इंटरनेट सेवा बंद करा दीं। हालांकि, इसके बावजूद छात्रों की ओर से डॉक्यूमेंट्री दिखाने की हरसंभव कोशिश की गई।

मोदी की छवि को गलत तरीके से पेश करने का आरोप इस डॉक्यूमेंट्री को बीबीसी के द्वारा बनाया गया था। इस पर भारत सरकार ने नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही सरकार ने इसे विवादित बताकर प्रतिबंधित कर दिया था और बीबीसी के सोशल मीडिया अकाउंट प्रतिबंधित कर दिए थे। आरोप है कि इसमें पीएम मोदी की छवि को गलत तरीके से पेश करने के उद्धेश्य से बनाया गया है। डॉक्यूमेंट्री में नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान हुए सांप्रदायिक दंगों को लेकर दोषी बताने की चेष्टा की गई है। जबकि सुप्रीम कोर्ट से उन्हें इस मामले क्लीनचिट दी गई थी। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर को आपत्ति जताई थी। हैदराबाद विश्वविद्यालय में भी हुई स्क्रीनिंग 2002 के गुजरात दंगों में नरेंद्र मोदी की भूमिका पर बीबीसी की इस डॉक्यूमेंट्री को शनिवार, 21 जनवरी को हैदराबाद विश्वविद्यालय में भी दिखाया गया था।

## उत्तर प्रदेश दिवस पर कृपाशंकर सिंह ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

मुंबई। उत्तर प्रदेश दिवस (24 जनवरी) के अवसर पर, उत्तर प्रदेश को मां और महाराष्ट्र को मौसी का दर्जा देने वाले महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश को एक खुशहाल, प्रगतिशील, आपसी सद्भावना और भाईचारे वाले प्रदेश की संज्ञा देते हुए उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि 1950 में तत्कालीन संयुक्त प्रांत का नाम बदलकर उत्तर प्रदेश रखे जाने के बाद से ही प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। आज यूपी भारत का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल बन गया है। राम की नगरी अयोध्या हो या बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी हो, मथुरा वृंदावन हो या आगरा झांसी हो।

## सेमी फाइनल के पहले मैच में जलालपुर ने चायल 73 क्रिकेट क्लब को 4 रन से हराया दूसरे मैच में अब्बासिया क्रिकेट क्लब ने एल एस बी क्रिकेट भरवारी को शिकस्त दी



कौशाम्बी अहमद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमी फाइनल का दोनों मैच खेला गया जिसमें पहले मैच में जलालपुर क्रिकेट क्लब जलालपुर ने चायल 73 क्रिकेट क्लब को एक बेहद रोमांचक मैच में 4 रन से हराया। जलालपुर ने पहले खेलते हुए चायल 73 क्रिकेट क्लब के खिलाफ निर्धारित 12 ओवर में 112 रन बनाएं। जिसमें विनय ने ने 23 रन,शेनु 15 हिमांशु ने 4 विकेट लिए जवाब में उतरी चायल 73 क्रिकेट ने अच्छी शुरुआत करते हुए 57 रन जोड़ दिया मात्र एक विकेट पर , आखिरी 3 ओवर 20 रन बनाने थे और हाथ मे थे 4 विकेट किन्तु उसके बाद 2 ओवर में 2 विकेट और गिर गई आखिरी ओवर में जीत के लिए 7 रन चाहिए था और आखिरी जोड़ी मैदान में थी और आखिरी ओवर की तीसरी बाल पर चायल क्रिकेट क्लब आल आउट हो गई और ये मैच 4 रन से हार गई । अपनी टीम के लिए 14 का योगदान दिया जलालपुर की तरफ से रिशु ने 4 विकेट लिए और 14 रन भी बनाये और उन्हें मैन आफ द मैच का पुरस्कार से सम्मानित किया गया दूसरा मैच अब्बासिया क्रिकेट क्लब और एल एस बी क्रिकेट क्लब भरवारी बीच खेला गया जिसमें अब्बासिया क्रिकेट क्लब मुरादपुर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 163 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया जिसमें धनंजय ने 47 रन,मुशाहिद ने 39रन के पी ने 30 रन बनाएं अब्बासिया क्रिकेट क्लब ने 163 रन का विशाल स्कोर खड़ा के सामने उतरी एल एस बी क्रिकेट क्लब शुरू में अच्छा खेलते हुए 4 ओवर की सर्किल में 49 रन जोड़ कर 1 ही विकेट गवाए मगर उसके बाद एल एस बी क्रिकेट क्लब के बल्ले बाज ज्यादा कमाल नही दिखा सके और विशाल स्कोर के सामने अपने घुटने टेक दिए और जलालपुर क्रिकेट ने ये मैच जीतते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया । जलालपुर की तरफ से खेलते हुए धनंजय ने 47 रन देकर एक विकेट ली और धनंजय को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट सिहोरी में जलालपुर क्रिकेट क्लब को रोही क्रिकेट क्लब ने 9 विकट से हराया

कौशाम्बी नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट सिहोरी में पहला सेमीफाइनल मैच जलालपुर क्रिकेट क्लब व रोही क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया पहले खेलते हुए जलालपुर की पूरी टीम 69 रन पर ही आल आउट हो गई जवाब में खेलते हुए रोही क्रिकेट क्लब ने 6 ओवर में ही मैच जीत लिया।रोही क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज सनी ने 9 छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिए 59 रन बनाए और मैच को आसानी से रोही क्रिकेट क्लब के खेमे में डाल दिया। सनी ने 59 रन और 4 विकेट लिए जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

## निर्माण श्रमिकों की बेटियों की सामूहिक विवाह का आयोजन 01 मार्च को प्रयागराज में


कौशाम्बी श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री महन्थ प्रजापति ने बताया है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्न सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों की बेटियों की सामूहिक शादी का आयोजन 01 मार्च 2023 को प्रयागराज के परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया जायेंगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह में प्रतिभाग करने वाले निर्माण श्रमिकों का पंजीयन, विवाह की तिथि से 365 दिन पूर्व का होना चाहिए, योजना का लाभ निर्माण श्रमिक की अधिकतम 02 पुत्रियों को ही दिया जायेंगा। 15 फरवरी 2023 तक आवेदन किया जा सकता हैं। कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह में शादी करने पर रू0–65 हजार की धनराशि निर्माण श्रमिक के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है इसके साथ ही रू0–10 हजार की धनराशि वर एवं वधू को कपड़े खरीदने के लिए दिया जायेंगा। उन्होंने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सूचित किया है कि जिन श्रमिकों की पुत्रियां विवाह निश्चित हो गई हो तथा दोनों पक्ष सामूहिक विवाह करने के लिए सहमत हों, वे श्रम विभाग के स्थानीय कार्यालय में समस्त अभिलेखों सहित अपना आवेदन कर सकतें हैं।

## शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश

कौशाम्बी अपर जिलाधिकारी श्री जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में आई0जी0आर0एस0 एवं सी0एम0 हेल्पलाइन के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 एवं सी0एम0 हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि 31 जनवरी तक सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाय, कोई शिकायत डिफाल्टर न रहने पाये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर सभी उप जिलाधिकारीगण एवं ई–डी0एम0 श्री कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।




विज्ञापन दर
समाचार पत्र का साइज 25x32
फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626










## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य नागरिकों को मतदान का महत्व एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा मतदाता शपथ–"हम, भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे" दिलायी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 जनवरी–1950 को भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी तथा 25 जनवरी–2011 को प्रथम राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया था, जिसके पश्चात हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य नागरिकों को मतदान का महत्व एवं अधिकार की जानकारी देते हुए नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जाता है, जिसके तहत नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर वोटर आईडी कार्ड जारी किया जाता है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकें हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें तथा आगामी चुनाव में मतदान के दिन मतदान अवश्य करें एवं अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विस्तृत जानकारी भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाइट से प्राप्त करते हुए सही उम्मीदवार का चयन कर मतदान करें।उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भारतीय लोकतन्त्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकें सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हों तथा सभी मतदाता अवश्य मतदान करें। उन्होने कहा कि जनपद कौशाम्बी में विगत विधानसभा चुनाव में तीनों विधानसभाओं में लगभग 61 हजार नये मतदाता बढे थे तथा विगत चुनाव के सापेक्ष 03 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ था। उन्होंने कहा कि इस वर्ष लगभग 27 हजार नये मतदाता बढ़े हैं। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मतदाता की अहम भूमिका होती हैं इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम एवं उप जिलाधिकारी दीपेन्द्र यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



















## थाना कोरांव पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 पिकप वाहन में क्रूरता पूर्वक लदे 17 राशि गोवंश बरामद

थाना कोरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.01.2023 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.अनिल कुमार प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति निवासी सरईगढ़ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र व 2. महबूब आलम पुत्र स्व0 मो0 फाजिल निवासी ग्राम तकिया थाना रावर्ट्सगंज जिला सोनभद्र को ग्राम सेमरी बाघराय थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 पिकप वाहन (वाहन संख्या न्च65ज्ञज्4526 व टाटा ल्वक्भ्। 1200– बिना नम्बर) में क्रूरता पूर्वक लदे 17 राशि गोवंश बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारीध्बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोरांव में मु0अ0सं0 26ध्2023 धारा 3ध्5कध8 गोवध निवारण अधिनियम व 11घ पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

गिरफ्तार अभियुक्त–

अनिल कुमार प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति निवासी सरईगढ़ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र, उम्र 30 वर्ष

2. महबूब आलम पुत्र स्व0 मो0 फाजिल निवासी ग्राम तकिया थाना रावर्ट्सगंज जिला सोनभद्र उम्र 40 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का विवरण–

मु0अ0सं0 26ध्2023 धारा 3ध्5कध8 गोवध निवारण अधिनियम व 11घ पशु क्रूरता अधिनियम थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ।

बरामदगी का विवरण–

02 पिकप वाहन (वाहन संख्या न्च65ज्ञज्4526 व टाटा ल्वक्भ्। 1200– बिना नम्बर) में क्रूरता पूर्वक लदे 17 राशि गोवंश

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 वंश नारायण सिंह यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
2. उ0नि0 अवधेश कुमार यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
3. उ0नि0 अनुज राय थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
4. हे0का0 ओम प्रकाश यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
5. का0 विरेन्द्र विक्रम थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
6. का0 सच्चिदानंद यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
7. का0 योगेंद्र कुमार थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
8. का0 राहुल राठौर थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज

## आवेदन पत्र सभी संलग्नकों के साथ सम्बन्धित डीन विद्यार्थी कल्याणध प्राचार्य से प्रमाणित कराके 01 फरवरी तक सम्बन्धित छात्रावास कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं

समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्धन मेधावी छात्रों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्नातक छात्रों हेतु संचालित डा0 भीमराव अम्बेडकर छात्रावास(बालक) चाँदपुर सलोरी में स्नातक छात्रों के 70 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा 30 प्रतिशत सीटों पर अन्य पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के छात्रों के प्रवेश के लिये पुनः आवेदन पत्र आमन्त्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय एवं संघटक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ रहने के कारण शैक्षिक सत्र 2022–23 में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रविष्टि वे छात्र जिन्होंने 10+2 परीक्षा–2022 में उत्तीर्ण किये हो एवं सी0यू0टी0 कॉमन परीक्षा उत्तीर्ण एवं स्नातक पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण छात्र छात्रावास कार्यालय से दिनांक 27.01.2023 से दिनांक 31.01.2023 तक अपनी फीस रसीद एवं सी0यू0टी0 अंकपत्र दिखाकर प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन पत्र सभी संलग्नकों के साथ सम्बन्धित डीन विद्यार्थी कल्याणध प्राचार्य से प्रमाणित कराके दिनांक 01.02.2023 तक सम्बन्धित छात्रावास कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री त्रिनेत्र कुमार सिंह ने दी है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता दिवस की दिलायी शपथ

मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि ने संगम सभागार में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलायी।

'' हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे''।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुंवर पंकज, एडीएम सिटी श्री मदन कुमार सहित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## खुसरोबाग में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग

खुसरोबाग में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज में बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजकीय कर्मचारी एवं आम जनता के साथ मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने के लिए सभी ने शपथ ली की देश में आयोजित होने वाले सभी निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत करेंगे केंद्र के प्रभारी वीके सिंह द्वारा बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में सभी अधीनस्थ कर्मचारियों एवं पार्क में भ्रमण करने वाले लोगों के को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में बच्चा सिंह राममूर्ति सिंह प्रदीप वर्मा मोहित कुशवाहा विपिन कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोगो को मतदाता दिवस की दिलायी गयी शपथ भी

उत्तर प्रदेश दिवस–2023 के दूसरे दिन बुधवार को क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपी पुस्तकालय संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से ''निवेश एवं रोजगार'' पर आधारित प्रदर्शनी, कवि सम्मेलन, विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिला पंचायत परिसर में किया गया। कार्यक्रमों का शुभारम्भ जीजीआईसी इंटर कालेज, सीएवी कालेज, ज्वाला देवी, जगत तारन कालेज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा चित्रकला, भाषण, पेंटिंग आदि कार्यक्रमो से किया गया। कवि सम्मेलन में श्री शैलेन्द्र मधुर, प्रीता बाजपेई, आभा श्रीवास्तव, पी0एन0 सिंह, मनमोहन सिंह तन्हा, नायब बलियावी आदि कवियों ने अपने काव्य पाठ द्वारा यूपी दिवस महोत्सव में एक से बढ़कर एक प्रस्तुती द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को मतदाता दिवस की शपथ भी दिलायी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उपस्थित लोगो ने आनंद उठाया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए जानकारियां प्राप्त की। इस अवसर पर श्री भोला नाथ कनौजिया जिला विकास अधिकारी, श्री चंद्रबली पटेल, श्री गुलाम सरवर पांडुलिपी अधिकारी, श्री राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक श्री हरिशचंद्र दुबे प्राविधिक सहायक, श्री रोशन लाल, श्री अजय मौर्य तथा गणमान्य अतिथिगणों की उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन श्री मो. मोहसिन नूरी क्षेत्रीय अभिलेख अधिकारी द्वारा किया गया।

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन की प्रकिया में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए– सी0डी0ओ0

प्रयागराज 25 जनवरी। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने छात्र और युवाओं का आह्वान किया है कि वे मतदान की प्रक्रिया में अपने आसपास के लोगों को शामिल होने के लिए प्रेरित करें। श्री गिरि ने आज यूईंग क्रिश्चियन कालेज गऊघाट प्रयागराज में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय जन जागरूकता प्रचार अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन की प्रकिया में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी इलाकां में मतदान के प्रतिशत में गिरावट चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है। उन्होंने इस अवसर पर लगायी गयी मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी सभी के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने साथियों को इस प्रदर्शनी को देखने के लिए प्रेरित करें। श्री गिरी ने आजादी का अमृत महोत्सव और मतदाता जागरूकता जागरूकता कार्यक्रम व चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया । इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से श्री गिरि को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान श्री गिरि की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को मतदान प्रक्रिया में हिस्सेदारी के लिए शपथ भी दिलायी गयी।

समारोह के विशिष्ट अतिथि व वक्ता ब्यूरो निवर्तमान संयुक्त निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और गणराज्य को लोगों की जन जागरूकता के बल पर ही मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावों में अधिकाधिक संख्या में मतदान प्रक्रिया में भागीदारी से ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं को ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के नायकों ने जो धरोहर हमें सौपा है उसे अक्षुण्य रखने की जिम्मेदारी सभी नागरिकों विशेषकर युवाओं की है। इस अवसर पर ब्यूरो के उपनिदेशक आरिफ रिजवी ने श्री शुक्ल सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान ई0सी0सी के प्राचार्य डा. ए0एस0 मोजेध्ज ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मतदाता दिवस पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान डॉ. राम प्रकाश सिंह पूर्व प्राचार्य ने कहा कि देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस अवसर पर गीत प्रतियोगिता, स्लोगन संदेश, पोस्टर पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश एण्ड पार्टी प्रयागराज द्वारा संदेश मूलक लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक राम मूरत, ईसीसी के डा0 पियूष खरे पूर्व विभागाध्यक्ष गणित विभाग, डॉ0 राम प्रकाश सिंह पूर्व प्राचार्य, डॉ ललित यूसीबीएस, डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव निदेशक तरुण शांति सेना, डॉ. अशोक पाठक समन्यक आइक्यूएसी, डॉक्टर मंजू तिवारी, डॉक्टर अरुणेश मिश्र, डॉ जान कुमार, डॉक्टर प्रेम प्रकाश, डॉक्टर सूरज गुणवंता, डॉक्टर प्रियंका, ओम प्रकाश विश्वकर्मा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## थाना कोरांव पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 पिकप वाहन में क्रूरता पूर्वक लदे 17 राशि गोवंश बरामद

कोरांव ।प्रयागराज ।पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त दीपक भूकर के निर्देश के अंतर्गत सहायक पुलिस आयुक्त मेजा विमल किशोर मिश्र के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षकथाना कोरांव धीरेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.01.2023 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1.अनिल कुमार प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति निवासी सरईगढ़ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र व 2. महबूब आलम पुत्र स्व0 मो0 फाजिल निवासी ग्राम तकिया थाना रावर्ट्सगंज जिला सोनभद्र को ग्राम सेमरी बाघराय थाना क्षेत्र कोरांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 पिकप वाहन (वाहन संख्या न्च65ज्ञज्4526 व टाटा ल्वक्भ्। 1200– बिना नम्बर) में क्रूरता पूर्वक लदे 17 राशि गोवंश बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारीध्बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोरांव में मु0अ0सं0 26ध्2023 धारा 3ध्5कध8 गोवध निवारण अधिनियम व 11घ पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । गिरफ्तार अभियुक्त–अनिल कुमार प्रजापति पुत्र सियाराम प्रजापति निवासी सरईगढ़ थाना रायपुर जनपद सोनभद्र, उम्र 30 वर्ष 2. महबूब आलम पुत्र स्व0 मो0 फाजिल निवासी ग्राम तकिया थाना रावर्ट्सगंज जिला सोनभद्र उम्र 40 वर्षपंजीकृत अभियोग का विवरण– मु0अ0सं0 26ध्2023 धारा 3ध्5कध8 गोवध निवारण अधिनियम व 11घ पशु क्रूरता अधिनियम थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ।बरामदगी का विवरण–02 पिकप वाहन (वाहन संख्या न्च65ज्ञज्4526 व टाटा ल्वक्भ्। 1200– बिना नम्बर) में क्रूरता पूर्वक लदे 17 राशि गोवंश गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–1. उ0नि0 वंश नारायण सिंह यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज2. उ0नि0 अवधेश कुमार यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज

3. उ0नि0 अनुज राय थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
4. हे0का0 ओम प्रकाश यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
5. का0 विरेन्द्र विक्रम थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
6. का0 सच्चिदानंद यादव थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
7. का0 योगेंद्र कुमार थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज
8. का0 राहुल राठौर थाना कोरांव पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज ।अरुण मित्र समाचार पत्र व दैनिक आशा प्रहरी से उमेश चन्द्र द्विवेदी व श्यामाकांत त्रिपाठी उर्फ बब्बन व आलोक कुमार मौर्या।

## प्रमुख सचिव न्याय ने राज्य विधि अधिकारी कार्यालय, उच्च न्यायालय (अम्बेडकर भवन) का किया औचक निरीक्षण

विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी उत्तर प्रदेश शासन विधि कोष्ठक, उच्च न्यायालय इलाहाबाद श्री राधे मोहन श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि मा0 उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बुधवार को प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि परामर्शी उत्तर प्रदेश शासन श्री पी0के0 श्रीवास्तव की उपस्थित में श्री संजय कुमार वर्मा एवं श्री अतुल सिंह विशेष सचिव न्याय, न्याय विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य विधि अधिकारी कार्यालय उच्च न्यायालय (अम्बेडकर भवन), इलाहाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। भवन में बायो मैट्रिक सिस्टम चालू हालत में मिला। कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। कार्यालय के अधिकारियोंध्कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने का निर्देश दिया गया है।

भवन के प्रथम तल में स्थित लेखा अनुभाग के अभिलेखों का रख–रखाव सही नहीं पाया गया। अभिलेख आलमारियों के ऊपर रखे गये है। प्रकाश की व्यवस्था ठीक नहीं है। लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिक विभाग को निर्देशित किया गया कि बाहर की वायरिंग को अंदर से करें और भवन में रोशनी की समुचित व्यवस्था करें। प्रथम तल के सीढ़ी के बगल लिफ्ट के पास निष्प्रयोज्य सामान रखा है, उसे हटाया जाये। एसपीओ कार्यालय में साफ–सफाई नहीं है। दूसरे और तीसरे मंजिल में पत्रावलियों का रख–रखाव ठीक नहीं पाया गया। चारों तरफ गंदगी है। सीढ़ी पर गंदगी पायी गयी। प्रकाश की व्यवस्था सहीं नहीं है। बेल अनुभाग में स्टाफ की कमी की बात कर्मचारियों ने की, जिसे दुरूस्त करने के लिए कह दिया गया है। चतुर्थ मंजिल में रैक व आलमारी पर्याप्त पायी गयी, परंतु पत्रावलियां फर्श और मेज पर रखी हुयी पायी गयी। इसे सही ढंग से रखे जाने हेतु निर्देश दिया गया है। चतुर्थ फ्लोर पर बीड आउट पत्रावलियां रखी है, इसे हटवाया जाये। ऊपरी मंजिलों में राज्य विधि अधिकारी कार्यालय के व्यवस्था अधिकारी के साथ जाकर निरीक्षण किया गया। कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश गए है।

## बुद्धिज्म का असली सौंदर्य निर्वाण है

प्रयागराज 25 जनवरी, सुंदरता तो सिर्फ चेतना की होती है, निर्मल चित्त की होती हैं। शरीर तो कुरुप है, मल मूत्र का घर है। इसे सजने संवारने और सुंदर बनाने के धोखे में मत पड़ना उक्त बातें प्रबुद्ध फाउण्डेशन के प्रबंधकध्सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताई।आईपी रामबृज ने बताया कि तथागत बुद्ध कहते हैं– हर पल यह ध्यान रखो, शरीर के प्रति बोध रखो कि शरीर नश्वर है, एक दिन मिट्टी में मिल जाना है। इसे निर्मल, निरोग रखो। इसको निखारने से कोई लाभ नहीं। जरा विचार करो, यह देह तो कुरुप है, यह तो बाल, नख, दांत, मांस, हड्डी, यकृत, फेफड़े, आंत, पित्त, कफ, रक्त, पसीना चर्बी, लार और मल मूत्र का घर है। ऐसी चीजों से भरे हुए शरीर में भला सौंदर्य कैसे हो सकता है?

आईपी रामबृज ने आगे बताया कि मनुष्य चाहे लाख कोशिशें करें, आकर्षक वस्त्र पहने, महंगे गहने पहने, कितने ही इत्र सुगंधी छिड़के लेकिन इसकी दुर्गंध नहीं जाती। कितने ही हीरे जवाहरात पहनने के बाद भी अंदर के मांस, हड्डी, रक्त, पसीना, मवाद, लार वैसी की वैसी ही रहती हैं।

आईपी रामबृज ने निष्कर्ष बताते हुये कहा कि शरीर की नश्वरता और असली सौंदर्य को जानना है, अनुभव करना है तो ध्यान का अभ्यास करो। कायानुपश्यना का अनुभव करो, फिर सच को जानकर सजने संवरने पर कभी ध्यान नहीं दोंगे। साधारण मनुष्य इच्छाओं, कामनाओं वासनाओं से भरा रहता है, वह अपने बाहरी शरीर को वस्त्र, आभूषण, इत्र आदि से श्रंगार कर दूसरों को आकर्षित करता है और स्वयं भी इसी आधार पर आकर्षित होता हैं। न भोजन के प्रति संयम है न इच्छाओं पर. शरीर रोगों से भरता जाता है लेकिन वस्त्र, आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और सुख सुविधाएं बटोरने में रात दिन लगा रहता है। आखिर मन से निर्मल, शील सदाचार से पूर्ण, प्रेम करुणा मैत्री से भरे , सहज सरल विनम्र व्यक्ति को सजने संवरने की क्या जरूरत है, ये गुण ही तो उसका सौन्दर्य हैं। यदि कोई स्त्री या पुरुष कितना ही रुपवान हो लेकिन यदि वह घृणा, लोभ, काम, क्रोध, हिंसा और अहंकार से भरा हो और जब विकराल हो जाता है तो उसकी बाहरी सुंदरता की सारी पोल खुल जाती हैं. वह किसी को प्रिय नहीं लगता और कोई व्यक्ति रुपवान नहीं है लेकिन प्रेम, करुणा, मैत्री, विनम्रता, शील, सदाचार के भावों से भरा हुआ है तो वह सभी को सुंदर व प्रिय लगता है। भगवान बुद्ध बार बार चेतावनी देते हैं– शरीर को सुंदर बनाने की व्यर्थ कोशिश मत करो, शरीर तो प्राकृतिक रूप से कुरुप ही है. सौंदर्य तो चेतना का है, निर्मल चित्त का है, शील सदाचार का है, प्रेम करुणा और मैत्री का है. और इससे आगे असली सौंदर्य तो निर्वाण का है.

## सम्पादकीय

# विश्व के मनुष्य को मंदिर जाने के लाभ

भगवान शिव की सदा जय हो , भगवान शिव के मंदिर में जो भी भक्त पहुंचता है उसे मेरे भोले बाबा कृपा की बरसात शुरू कर देते हैं, पहला लाभ,मंदिर जाना इसलिए जरूरी है कि वहां जाकर आप यह सिद्ध करते हैं कि आप देव शक्तियों में विश्वास रखते हैं तो देव शक्तियां भी आपमें विश्वास रखेंगी। यदि आप नहीं जाते हैं तो आप कैसे व्यक्त करेंगे की आप परमेश्वर या देवताओं की तरफ है.? यदि आप देवताओं की ओर देखेंगे तो देवता भी आपकी ओर देखेंगे। और यह भाव मंदिर में देवताओं के समक्ष जाने से ही आते हैं,दूसरा लाभ,अच्छे मनोभाव से जाने वाले की सभी तरह की समस्याएं प्रतिदिन मंदिर जाने से समाप्त हो जाती है। मंदिर जाते रहने से मन में दृढ़ विश्वास और उम्मीद की ऊर्जा का संचार होता है। विश्वास की शक्ति से ही समृद्धि, सुख, शांति और कल्याण की प्राप्ति होती है,3.तीसरा लाभ,यदि आपने कोई ऐसा अपराध किया है कि जिसे आप ही जानते हैं तो आपके लिए प्रायश्चित का समय है। आप क्षमा प्रार्थना करके अपने मन को हल्का कर सकते हैं। इससे मन की बैचेनी समाप्त होती है और आप का जीवन फिर से पटरी पर आ जाता है।,चौथा लाभ,मंदिर में शंख और घंटियों की आवाजें वातावरण को शुद्ध कर मन और मस्तिष्क को शांत करती हैं। धूप और दीप से मन और मस्तिष्क के सभी तरह के नकारात्मक भाव हट जाते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है,पांचवां लाभ,मंदिर के वास्तु और वातावरण के कारण वहां सकारात्मक उर्जा ज्यादा होती है। प्राचीन मंदिर ऊर्जा और प्रार्थना के केंद्र थे,हमारे प्राचीन मंदिर वास्तुशास्त्रियों ने ढूंढ–ढूंढकर धरती पर ऊर्जा के सकारात्मक केंद्र ढूंढे और वहां मंदिर बनाए। मंदिर में शिखर होते हैं।शिखर की भीतरी सतह से टकराकर ऊर्जा तरंगें व ध्वनि तरंगें व्यक्ति के ऊपर पड़ती हैं,ये परावर्तित किरण तरंगें मानव शरीर आवृत्ति बनाए रखने में सहायक होती हैं।व्यक्ति का शरीर इस तरह से धीरे–धीरे मंदिर के भीतरी वातावरण से सामंजस्य स्थापित कर लेता है। इस तरह मनुष्य असीम सुख का अनुभव करता है,छटा लाभ,मंदिर में उपस्थित व्यक्ति के मन में चंचलता चपलता कम होती है, और पवित्रता के विचार ज्यादा प्रबल होते हैं, चाहे वह ईश्वर के डर से या फिर ईश्वर के प्रति प्रेम व श्रद्धा के कारण। लेकिन इस तरह का निश्चल मन अपने आसपास के वातावरण को पवित्र बनाता है, इसलिए मंदिर में स्वतरू ही सकारात्मकता पवित्रता वाली ऊर्जा कुछ ज्यादा होती है जिसका लाभ वहां जाने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को मिलता है।,सातवा लाभ,मंदिर में जाने से हम क्यू अपने आसपास के लोगों से मिलते जुलते हैं जिससे सामाजिक सौहार्द का वातावरण बनता है।और आपसी सामाजिक सौहार्द व सनातन धर्मावलंबियों में एकता वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए अति आवश्यक भी है।।

अतः मंदिर जरूर जाएं और अपने साथ अपने बच्चों को भी लेकर जाएं, उन्हें भी अपनी सनातन संस्कृति व परंपराओं से अवगत करावे । जिससे जब वे बड़े हो तो उनके जीवन काल में कोई परेशानी आये तो उसे सरलता से निकल सके एवं वहां से मार्गदर्शन मिल सकें।

# वसंत पंचमी पर करे करें उपाय होगा लाभ

वसंत पंचमी ज्ञान एवं विद्या की देवी मां वागीश्वरी की जयंती है।

जो इस वर्ष 26 जनवरी दिन गुरुवार को पड़ रही है। इस दिन धर्म ग्रंथों एवं तंत्र शास्त्रों में कुछ उपाय बताएं गये हैं जिनको यदि श्रद्धा विश्वास पूर्वक करें तो लाभ अवश्य होता है।

आइए जानते हैं उन उपायों के बारे में।

बसंत पंचमी के दिन प्रातः स्नान करके पीले या सफेद वस्त्र धारण करें और मां सरस्वती की मूर्ति या चित्र उत्तर–पूर्व दिशा में स्थापित कर सफेद चंदन,पीले और सफेद फूल अर्पित पूजा करें और आरती उतारें।

दूध,दही,घी,शकर,शहद मिलाकर पंचामृत का प्रसाद बनाकर मां को भोग लगाने के बाद इस मंत्र का जप 108 बार करें ।

मंत्र–

।। ऊं ऐं सरस्वत्यै नमरू ।।

इस दिन इन उपायों को अवश्य करें–

1– जिन बच्चों की कुंडली में बुध ग्रह कमजोर हो और पढ़ाई में मन ना लगे तो बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती को पीले फलों को भेंट करने के बाद 11 फल गरीबों को दान कर दें।

2– इस दिन पढ़ाई करने के स्थान पर पीले रंग के पर्दे या चित्र रखे। पढ़ाई में मन लगने लगेगा ।

3– मां सरस्वती का चित्र अपने अध्ययन कक्ष या टेबल पर अवश्य रखें।

4– अपनी टेबल पर स्फटिक का ग्लोब रखें और उसे पढ़ाई करते समय बीच बीच में दो,तीन बार जरूर घुमाएं ऐसा करने से एकाग्रता बढ़ेगी।

5– यदि संगीत के क्षेत्र में सफल होना चाहते हैं तो मां सरस्वती के इस मंत्र– 'ह्रीं वाग्देव्यै ह्रीं ह्रीं' का प्रतिदिन 108 बार जप अवश्य करें एवं शहद का भोग लगाकर उसे प्रसाद के रूप में बांट दे ।


6– यदि पति–पत्नी के संबंधों में विवाद,न्यायिक मामलें या फिर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो बसंत पंचमी के दिन 'अर्गला स्तोत्र' और 'कीलक स्तोत्र' का पाठ करें ।

।। सबका मंगल हो ।।

आचार्य धीरज द्विवेदी ष्याज्ञिकष

(ज्योतिष वास्तु धर्मशास्त्र एवं वैदिक अनुष्ठानों के विशेषज्ञ) प्रयागराज।

















झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक





PROGRAMME
REPUBLIC DAY - 2023

Prayer Song : Hospital Choir
Welcome Speech : Rev. Fr. Vipin D'Souza
Floral Welcome
National Flag Unfurling/National Anthem
Patriotic Vibrations: Address by the Chief Guest
Honourable Mr. Kunwar Pankaj,
Chief Revenue Officer, Prayagraj
Presentation of the Memento : Dr. Ashok Agarwal MS
Prize Distribution : Guest of Honour
Honourable Mr. Rajesh Mishra,
Dy. Labour Commissioner, Prayagraj
Presentation of the Memento : Dr. R.P. Shukla, MD
Patriotic Song : Hospital Choir
Vote of Thanks : Sr. Alweena, CSN - Principal
Refreshments

Proud to be an Indian Proud to be an Indian

आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवम
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर,
विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो
चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !


सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास
















## प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जी का जनपद आगमन

कौशाम्बी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी दिनांक 26 जनवरी–2023 को अपरान्ह 01:50 बजे हेलीपैड–पुलिस लाइन, कौशाम्बी पहुॅचेंगे। मा0 उप मुख्यमंत्री जी अपरान्ह 02 बजे जनक दुलारी शिवदत्त महाविद्यालय, ओसा पहुॅचेंगे, तत्पश्चात विभागीय परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के पश्चात अपरान्ह 03:05 बजे हेलीपैड–पुलिस लाइन से प्रस्थान करेंगे।

## नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट सिहोरी में जलालपुर क्रिकेट क्लब को रोही क्रिकेट क्लब ने 9 विकट से हराया

कौशाम्बी नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट सिहोरी में पहला सेमीफाइनल मैच जलालपुर क्रिकेट क्लब व रोही क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया पहले खेलते हुए जलालपुर की पूरी टीम 69 रन पर ही आल आउट हो गई जवाब में खेलते हुए रोही क्रिकेट क्लब ने 6 ओवर में ही मैच जीत लिया।रोही क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज सनी ने 9 छक्कों की मदद से अपनी टीम के लिए 59 रन बनाए और मैच को आसानी से रोही क्रिकेट क्लब के खेमे में डाल दिया। सनी ने 59 रन और 4 विकेट लिए जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

## गुढ विधानसभा के सहीजना पंचायत में बैठक करते हुए ग्रामीण वासियों की समस्याओं की लिया जानकारी

गुढ विधानसभा में हत्या, हत्या के प्रयास , छिनैती, अपहरण, लूट , भ्रष्टाचार के संरक्षकों को गुढ विधानसभा से भगाने हेतु किया गया जन जागरण साथ मे गुढ विधानसभा में हत्या बलात्कार अपहरण छिनैती भ्रष्टाचार मुक्त गुढ विधानसभा बनाने हेतु ग्रामीण वासियों से मांगा समर्थन।


## खराब परीक्षा परिणाम को लेकर भड़के शासकीय महाविद्यालय गुढ़ के छात्र

सैकड़ों छात्र विश्वविद्यालय पहुंच कर रिजल्ट सुधारने को लेकर किए घेराव हम आपको बता दे कि हाल ही में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के आए रिजल्ट में शासकीय महाविद्यालय गुढ़ के 80 परसेंट छात्र का रिजल्ट खराब आने पर शास० महा० विद्या० गुढ़ के छात्र भड़के हुए है। गुढ़ महा. विद्या. के छात्र विश्वविद्यालय का घेराव करके रिजल्ट सुधारने की मांग उठाई है। छात्रो ने विश्वविद्यालय में चहलकदमी शुरू करते हुए जल्द से जल्द रिजर्ट सुधारने की मांग किए हुए है। इस मौके पर शास. महा. विद्या. गुढ़ के भारी तादात में छात्र छात्राए मौजूद रहे।

## न्याय व्यवस्था में विशेष योगदान देने पर

कुशवाहा जनपद के सी, जे ,एम का अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी के पद पर हुआ प्रमोशन जनपद कानपुर देहात के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शिवानंद का एडीजे एफटीसी के पद पर प्रमोशन होने पर अधिवक्ता संगठनों की ओर से उन्हें दी गई बधाई कानपुर देहात ...न्याय व्यवस्था में विशेष योगदान देने पर जनपद कानपुर देहात के सीजेएम श्री शिवानंद को पदोन्नत कर उन्हें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी बनाया गया है... बताते चलें कि वादकारियों के हित को ध्यान में रखते मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कानपुर देहात श्री शिवानंद सिंह ने पुराने मामलों का त्वरित निस्तारण कराया। वहीं सामान्य मामलों में अभियुक्तों को परिवीक्षा अधिनियम का लाभ भी दिया गया। कम समय अंतराल में ही सात सौ से अधिक मामलों को निस्तारित करने पर उच्च न्यायालय ने कार्य की सराहना करते हुए सीजेएम को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पर पदोन्नत किया है। पदोन्नत होने पर अधिवक्ता संगठनों की ओर से उन्हें बधाई दी गई...।

## पठखौली में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ी भक्तों की भीड़



जौनपुर। बदलापुर तहसील अंतर्गत स्थित पठखौली गांव में 19 जनवरी से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन आज भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। व्यासपीठ से बोलते हुए आचार्य पंडित सुरेश चंद्र द्विवेदी ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। 26 जनवरी को हवन एवं महा भंडारा के साथ कथा का समापन होगा। कथा के आयोजक डॉ सुरेंद्रनाथ पाठक, डॉ योगेंद्र नाथ पाठक तथा एडवोकेट रमेश कुमार पाठक द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई है। आज की कथा में पहुंचने वाले गणमान्य लोगों में कमला प्रसाद तिवारी बड़े बाबू, पूर्व प्रधान राम जियावन तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, प्रिंसिपल डॉ विनोद मिश्रा, प्राध्यापक मयाशंकर तिवारी, सुरेश सिंह आदि का समावेश रहा।

# क्रिस हिपकिंस बने न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री, जेसिंडा अर्डर्न की हुई विदाई

क्रिस हिपकिंस, न्यूजीलैंड के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। बुधवार को उन्होंने देश के 41वें प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। न्यूजीलैंड की सरकारी प्रसारणकर्ता कंपनी त्र्छ ने यह जानकारी दी है। जेसिंडा अर्डर्न ने आज सुबह बतौर प्रधानमंत्री आखिरी बार न्यूजीलैंड की संसद पहुंची, वहां से वह सीधे गवर्नमेंट हाउस गईं, जहां उन्होंने अपना इस्तीफा सौंपा। कारमेल सेपुलोनी ने बतौर डिप्टी प्रधानमंत्री पद संभाला। पद संभालने के बाद हिपकिंस ने संकेत दिए हैं कि बढ़ती महंगाई से निपटना उनकी कैबिनेट की प्राथमिकता होगी।

हिपकिंस पहली बार साल 2008 में न्यूजीलैंड की संसद के लिए चुने गए थे। कोरोना महामारी के दौरान नवंबर 2020 में उन्हें बतौर मंत्री कोरोना से निपटने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके अलावा हिपकिंस पुलिस मंत्रालय, शिक्षा और जनसेवा जैसे मंत्रालयों का भी जिम्मा संभाल चुके हैं।

इससे पहले बीते दिनों जेसिंडा अर्डर्न ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया था। जेसिंडा अर्डर्न के इस्तीफे के बाद न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री पद के लिए दावेदारों के नाम की चर्चा शुरू हो गई थी। जिसमें बाजी क्रिस हिपकिंस के हाथ लगी। अपने इस्तीफे का ऐलान करते हुए जेसिंडा अर्डर्न ने कहा कि वह जानती हैं कि प्रधानमंत्री का पद काफी जिम्मेदारी और समर्पण मांगता है लेकिन अब वह इसके साथ न्याय नहीं कर पा रही हैं, इसलिए पद से हट रही हैं लेकिन कई साथी हैं, जो इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकते हैं।

**ड्रैगन से बचने के लिए किम जोंग को है अमेरिकी सेना की जरूरत**

अमेरका के पूर्व विदेश सचिव माइक पोम्पिओ ने उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग–उन और चीन के बारे में चौंकाने वाला दावा किया है। अपने नए संस्मरण में पोम्पिओ ने कहा है कि किम जोंग ने उसने एक बार कहा था कि चीन के प्रभुत्व से बचाव के लिए उन्हें दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सेना की जरूरत है।

श्नेवर गिव एन इंच, फाइटिंग फॉर द अमेरिका आई लवश शीर्षक वाले अपने नए संस्मरण में, पूर्व अमेरिकी विदेश सचिव ने कहा है कि उत्तर कोरियाई नेता दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सेना की मौजूदगी से बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। उन्होंने यह दावा 30 मार्च, 2018 को अमेरिका–उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन से पहले प्योंगयांग में किम जोंग के साथ अपनी पहली मुलाकात और उस दौरान हुई बातचीत के आधार पर किया है।

उत्तर कोरिया पर दुनिया से झूठ बोल रहा चीन!

पोम्पेओ ने दावा किया कि जब उन्होंने किम जोंग से कहा कि चीन बार–बार अमेरिका से यह कहता है कि उत्तर कोरियाई नेता चाहते हैं कि अमेरिकी सेना दक्षिण कोरिया से हट जाए, तो किम जोंग ने कहा कि चीन इस बारे में झूठ बोल रहा है और उन्हें चीन से बचने के लिए दक्षिण कोरिया अमेरिकी सेना की जरूरत है, जिससे तिब्बत और शिनजियांग जैसे मुद्दों का निस्तारण हो सके।

**भारत–पाकिस्तान कर रहे थे परमाणु युद्ध की तैयारी**

माइक पोम्पिओ ने दावा किया है कि तत्कालीन भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने उन्हें बताया था कि पाकिस्तान फरवरी 2019 में बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के बाद परमाणु हमले की तैयारी कर रहा है। यह सुनकर वह दंग रह गए थे। पोम्पिओ के मुताबिक, सुषमा स्वराज ने कहा था कि इसको देखते हुए भारत भी आक्रामक प्रतिक्रिया की तैयारी कर रहा है। पोम्पियो ने कहा कि यह घटना तब हुई, जब वह 27–28 फरवरी को अमेरिका–उत्तर कोरिया शिखर सम्मेलन के लिए हनोई में थे। इसके बाद उनकी टीम ने इस संकट को टालने के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ रात भर काम किया था। पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि दुनिया को पता है कि फरवरी 2019 में भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव परमाणु हमले के कितना करीब आ गया था।

**अमेरिका में तीन नकाबपोशों ने भारतीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की,**

अमेरिका के जॉर्जिया में तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक 52 वर्षीय भारतीय–अमेरिकी व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे उसकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं। बिब काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने कहा कि पिनाल पटेल और उनका परिवार काम के बाद घर जा रहे थे, उसी दौरान तीन नकाबपोश बदमाशों ने पिछले हफ्ते जॉर्जिया में थोरब्रेड लेन पर बंदूक से हमला कर दिया। पटेल ने तीनों का विरोध किया और ऐसा करते हुए परिवार पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर अमेरिका में भारतीयों के साथ इस तरह की दूसरी घटना हुई। यह घटना 20 जनवरी को जॉर्जिया के हार्टले ब्रिज रोड के पास थोरब्रेड लेन पर हुई थी।

घर के पास मारी गोली

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस जब पहुंची तो देखा कि पिनाल, उनकी पत्नी रूपलबेन पटेल और बेटी भक्ति पटेल को अपने घर के ड्राइववे में गोली लगने से घायल पाया। तीनों को एट्रियम हेल्थ ले जाया गया, जहां बाद में डिप्टी कॉरोनर लुआन स्टोन ने पिनाल को मृत घोषित कर दिया। रूपलबेन और उनकी बेटी की हालत स्थिर बताई जा रही है। बयान में कहा गया है कि तीन नकाबपोश व्यक्ति सड़क पर एक काले रंग के वाहन की ओर भागे, जिसमें एक चौथा व्यक्ति बैठा था। हालांकि गोलीबारी के दौरान कोई लूटपाट नहीं हुई है।

**चीन ने कर्ज राहत के मुद्दे पर अधर में क्यों लटका रखा है श्रीलंका को**

आश्वासन देने के बावजूद श्रीलंका को कर्ज राहत देने के मामले में चीन ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को औपचारिक पत्र नहीं भेजा है। ऐसा संकेत सोमवार को मिला, जब आईएमएफ के प्रवक्ता ने कर्ज राहत के संबंध में सिर्फ भारत का पत्र मिलने का उल्लेख किया। जबकि पहले कहा गया था कि भारत और चीन दोनों ने ऋण राहत संबंधी पत्र आईएमएफ को भेज दिया है। आईएमएफ के बयान से यहां सत्ता के हलकों में बेचैनी देखने को मिल रही है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले साल श्रीलंका के लिए 2.9 बिलियन डॉलर का कर्ज मंजूर करते हुए शर्त लगाई थी कि यह रकम पाने के लिए श्रीलंका को अपने पुराने कर्जदाताओं से कर्ज वापसी की समयसीमा में राहत का आश्वासन हासिल करना होगा। पिछले हफ्ते भारत श्रीलंका को ऐसा आश्वासन देने वाला पहला देश बना। उसके बाद खबर आई कि चीन ने भी उसे राहत देने का भरोसा दिया है।

आईएमएफ के प्रवक्ता ने कहा– 'हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत ने आईएमएफ प्रबंधन को संकेत दिया है कि वह वित्तीयध्ऋण राहत देने के लिए वचनबद्ध है, ताकि आईएमएफ के सहायता कार्यक्रम के तहत ऋण मिलने से पहले श्रीलंका के सार्वजनिक कर्ज के सुरक्षित होने का भरोसा बन सके। हम भारत की वचनबद्धता का स्वागत करते हैं।'

यहां विशेषज्ञों का कहना है कि चीन ने श्रीलंका को कर्ज राहत देने का आरंभिक संकेत दिया है। लेकिन यह वैसा ठोस आश्वासन नहीं है, जिसकी उम्मीद आईएमएफ करता है। इसीलिए आईएमएफ के प्रवक्ता ने इस बारे में बयान देते वक्त चीन का जिक्र नहीं किया। चीन के साथ चल रही वार्ता से संबंधित एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया है कि अभी चीन के साथ और बातचीत करनी होगी।

जानकारों के मुताबिक आईएमएफ अपेक्षा रखता है कि संबंधित देश सीधे उसे अपना आश्वासन भेजे। यानी चीन को सीधे आईएमएफ को पत्र लिख कर बताना होगा कि वह श्रीलंका को राहत देने को तैयार है। भारत ने ऐसा ही पत्र उसे भेजा था। इस बीच श्रीलंका अपने दूसरे द्विपक्षीय कर्जदाताओं से भी ऐसा आश्वासन पाने के लिए बातचीत चला रहा है।

एक अधिकारी ने वेबसाइट इकॉनमीनेक्स्ट.कॉम से कहा कि जब सारे पक्षों से आश्वासन मिल जाएंगे, तब आईएमएफ के अधिकारी श्रीलंका को ऋण देने के बारे में अपना प्रस्ताव आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड के सामने रखेंगे। बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद ही कर्ज की रकम श्रीलंका को मिल सकेगी।

समझा जाता है कि जापान और पेरिस क्लब भी श्रीलंका को कर्ज राहत देने पर राजी हो गए हैं। लेकिन उन्होंने अभी अपना पत्र आईएमएफ को नहीं भेजा है। श्रीलंकाई अधिकारियों के मुताबिक इन दोनों पक्षों के पास कर्ज संकट से निपटने का लंबा अनुभव है। इसलिए उनसे राहत पाने की औपचारिक पूरी होने में ज्यादा दिक्कत पेश नहीं आएगी।

लेकिन कुछ पर्यवेक्षकों की राय है कि इन दोनों पक्षों की निगाह चीन पर है। चीन के पत्र भेजने के बाद ही वे कर्ज राहत संबंधी औपचारिक पत्र आईएमएफ को भेजेंगे। श्रीलंकाई अधिकारियों का दावा है कि देश के अंदर वित्तीय स्थिरता बहाल करने के लिए जिन कदमों को लागू करने की शर्त आईएमएफ ने लगाई थी, उसे वे पूरा कर चुके हैं। इसलिए अब सारी बात चीन पर आकर टिक गई है।

**ब्रिटेन में विदेशी छात्रों के लिए वीजा नियमों में बदलाव की तैयारी**

ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन देश के शिक्षा विभाग के साथ टकराव की राह पर हैं। दरअसल, ब्रेवरमैन पढ़ाई के बाद वीजा रूट के तहत विदेशी छात्रों के ठहरने की अवधि में कटौती करने की योजना पर विचार कर रही हैं। देश के मीडिया रिपोर्ट्स में बुधवार को यह जानकारी दी गई है।

ब्रेवरमैन की प्रस्तावित समीक्षा के तहत नए ग्रेजुएट वीजा रूट में कटौती की उम्मीद है। समाचार पत्र श्द टाइम्सश की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय मूल की गृहमंत्री ब्रेवरमैन ने ग्रेजुएट वीजा रूट में श्सुधारश की योजना तैयार की है। इस योजना के तहत छात्रों को कुशल नौकरी हासिल कर वर्क वीजा लेना होगा या छह महीने बाद ब्रिटेन छोड़ना होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन का शिक्षा विभाग (डीएफई) इन बदलावों को रोकने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि उन्हें इस बात चिंता सता रही है कि इससे अंतरराष्ट्रीय छात्रों में ब्रिटेन के प्रति होने वाले आकर्षण को नुकसान पहुंचेगा।

ब्रेवरमैन की योजना का समर्थन करने वाले एक सरकारी सूत्र ने कहा, छात्रों द्वारा स्टुडेंट वीजा का कम सम्मानित विश्वविद्यालयों में छोटे पाठ्यक्रमों के लिए तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा था। अखबार ने सूत्र के हवाले से कहा, इसका इस्तेमाल पिछले दरवाजे से आव्रजन (इमिग्रेशन) रूट के तौर पर किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल विदेशी छात्रों के सबसे बड़े समूह के रूप में भारतीयों ने चीनी को पीछे छोड़ दिया और जुलाई 2021 में शुरू किए गए नए ग्रेजुएट वीजा रूट में भारतीयों का वर्चस्व था, जो दिए गए वीजा का 41 प्रतिशत हिस्सा था।

पिछले हफ्ते प्रकाशित आंकड़ों से पता चला है कि ब्रिटेन में 680,000 विदेशी छात्र थे। सरकार की 2019 की उच्च शिक्षा नीति में 2030 तक 600,000 छात्रों का लक्ष्य शामिल था, जिसे पिछले साल ही पूरा कर लिया गया था। एक अन्य प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है, जिसमें विदेशी छात्रों को आश्रित परिवार के सदस्यों को दो साल के लिए अपने साथ लाने की अनुमति तभी मिलेगी जब वे पीएचडी, या स्नातकोत्तर जैसे शोध–आधारित पाठ्यक्रमों कर रहे होंगे।

**बाल जन्म दर गिरने से बिखर रहा है जापान का सामाजिक ताना–बाना**

देश में जन्म दर घटने के कारण जापान के लिए सामाजिक गतिविधियों को जारी रखना कठिन होता जा रहा है। ये चेतावनी जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने दी है। देश की संसद डियेट में उन्होंने कहा– 'देश की अर्थव्यवस्था और समाज को टिकाऊ बनाने और उनमें सामंजस्य बनाए रखने के मकसद से अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन को एक महत्त्वपूर्ण नीति के रूप में हम अपनाने जा रहे हैं।'


MEDIA NEWS
हम बनेंगे आपकी आवाज

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे
कार्य करने हेतु लोगो की
आवश्यकता है

संपर्कः– 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

## वैशाली नगर अजमेर में श्री श्रीयादे माता जयंती की धूम



जग कल्याणी मां श्री श्रीयादे का जन्मोत्सव आज पूरे भारतवर्ष में कुम्हार समाज द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में श्री श्रीयादे नवयुवक मंडल समिति वैशाली नगर अजमेर द्वारा मां श्री श्रीयादे की जयंती अध्यक्ष श्री सत्यनारायण प्रजापति के सानिध्य में मनाई गई। समिति के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण प्रजापति ने दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रोग्राम भोजन प्रसाद महिलाओं द्वारा संगीत का प्रोग्राम बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य आदि प्रस्तुतियों दी गई। को पारितोषिक वितरण भी किया गया। इस समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रात दिन मेहनत की तभी यह समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह की समिति के सभी मेंबर अध्यक्ष श्री सत्यनारायण प्रजापति ,सहित श्री देवी लाल जी ,श्री राजू जी ,श्री मोकम जी, श्री बंसी जी ,श्री जगदीश जी ,श्री प्रदीप जी, श्री द्वारका जी ,रामेश्वर जी शांतिलाल जी, शंकर जी जेठाना ,पत्रकार टीकम चंद प्रजापति तथा समस्त समिति के बड़े बुजुर्ग महिलाएं बच्चे और युवा मौजूद रहे।

## ब्राह्मण महापंचायत कार्यक्रम के विषय पर किया गहन विचार विमर्श



जयपुर राजस्थान।विद्याधर स्थिति शेखावाटी अस्पताल प्रांगण में विप्र सेना विद्याधर नगर की पदाधिकारियो ने ब्राह्मण महापंचायत के आयोजन के विषय पर गहन विचार विमर्श किया तथा पदाधिकारियों से मुलाकात कर महापंचायत के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। इस अवसर पर डॉ सर्वेश शरण जोशी मधु शर्मा के साथ विधाधर नगर अध्यक्ष सुमन शर्मा,अल्पना कौशिक,सुमन शर्मा,नमृता सुरोलिया,निशिता सुरोलिया,प्रीति मिश्रा,अदिति शर्मा ने अपने अपने विचार व्यक्त किये तथा ब्राह्मणों को एक सूत्र में पिरोने पर जोर दिया।

## डॉ मंजू लोढ़ा को मिला इंस्पायरिंग पर्सनालिटी अवार्ड



मुंबई। देश की प्रतिष्ठित साहित्यकार तथा लोढ़ा फाउंडेशन की चेयरमैन डॉ मंजू लोढ़ा को सामाजिक और राष्ट्रीय एकता और अखंडता की प्रेरणा देने के लिए कला संस्कृति फाउंडेशन द्वारा इंस्पायरिंग पर्सनालिटी अवार्ड दिया गया है। कला संस्कृति फाउंडेशन द्वारा 23 जनवरी को साकीनाका स्थित पेनिनसुला ग्रैंड में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में उन्हें यह अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर मंजू लोढ़ा के हाथों विभिन्न क्षेत्रों में प्रेरणादायक काम कर रहे लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ मंजू लोढ़ा ने कहा कि काम तो हर व्यक्ति करता है, परंतु जब उसका काम दूसरों को भी प्रेरणा दे तो उस काम का महत्व बढ़ जाता है। कार्यक्रम के अंत में कला संस्कृति फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती शीला शर्मा ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक्सरसाइज के साथ-साथ हेल्थ के लिए अलर्ट रहना जरूरी : डा. गायत्री



आदेश अस्पताल में हेल्थ चेकअप पैकेज की शुरुआत ।जनता को दी शुरू किये गये हेल्थ चेकअप पैकेज की जानकारी। कुरुक्षेत्र आदेश रू मंगलवार को मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज व अस्पताल में विशेष कैंप लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अलर्ट रहने के लिए प्रेरित किया गया वहीं इस कैंप में आदेश में शुरू किये गये हेल्थ चेकअप पैकेज की जानकारी दी गई है। डा. गायत्री ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट और स्वस्थ रहने के लिए जितना डाइट और एक्सरसाइज जरुरी है उतना ही हेल्थ के बारे में अलर्ट रहना भी जरुरी है ताकि समय रहते किसी भी तरह की बीमारी से बचा जा सके। डा. गायत्री ने कहा कि किसी भी शरीर में मर्ज का डर नहीं होता बल्कि डर इस बात का रहता है कि मर्ज बढ़ न जाए। इसलिए इन्हीं बातों को ध्यान मे रखते हुए आदेश अस्पताल में हेल्थ चेकअप पैकजों की शुरुआत की गई है और अस्पताल में बहुत कम दरों पर हेल्थ चेकअप पैकेज शुरू किये गए हैं। जिसकी लाभ हर व्यक्ति आसानी से उठा सकता है। डा. गायत्री ने बताया कि जिसमे कम्पलीट हार्ट चेकअप, महिलाओं में कैंसर की जांच का पैकेज, विशेष हेल्थ चेकअप, कम्पलीट हेल्थ चेकअप, बेसिक हेल्थ चेकअप, शुगर के मरीजों के लिए विशेष हेल्थ पैकेज शुरू किया गया है। डा. गायत्री ने कहा कि आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा.एच.एस. गिल की सोच है कि लोगों को कम खर्चे में बेहतरीन उपचार दिया जा सके। इसलिए यह पैकेज बड़े ही सस्ती दरों पर शुरू किये गये हैं।जानकारी देती डा. गायत्री।

## 50 दिन पचास कार्य की श्रंखला में पार्क का उद्घाटन संपन्न!हरिद्वार!



समाचार सेवा,,शिवालिकनगर नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए शुरू किए गए 50 दिन 50 कार्यों की श्रृंखला में चौथे दिन शिवालिक नगर में क–100 के सामने वाले पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने पालिकाध्यक्ष के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए, 30 वर्षो से ज्यादा समय में पहली बार हुए पार्क के सौंदर्यकरण पर हर्ष व्यक्त करते हुए राजीव शर्मा का फूल मालाओं और पुष्पगुच्छ से स्वागत अभिनंदन कर आभार प्रकट किया।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है हमारा लक्ष्य है कि हमारी नगरपालिका स्वच्छ, सुंदर और विकसित बने, जिसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पार्क में सोलर लाइट, ओपन जिम, झूले, घास व पौधारोपण, बैंचें तथा घूमने के लिए पथ वे आदि आधुनिक सुविधाओं से तैयार किया गया है जिससे स्थानीय निवासियों विशेषतरू बुजुर्गों व महिलाओं को घूमने व बच्चों को खेलने के लिए काफी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं क्षेत्र में कई सड़कों के निर्माण कार्य गतिमान है और जो शेष कार्य रह गए हैं उन्हें भी शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, सभासद पंकज चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र बोरी, समाजसेवी संजीव गुप्ता, शशि भूषण पांडे, रितु ठाकुर, एस पी भनोट, अखील रंजन, सी पी बाली, संतोष, राकेश राणा, दीपक चौहान, अंशुल शर्मा, संचित डागर, रिचा शर्मा, वेदान्त चौहान, आशीष रस्तोगी, हरिनाम कटियार, दिनेश चौहान, सुखपाल प्रजापति, रामपाल सिंह, शुभम गुप्ता, बालकृष्ण, जिले सिंह, एन सी अग्रवाल, अरुण पंडित, रिंकी, एस एन शर्मा , समीर गुप्ता, गजेंद्र सिंह, गौरव रस्तोगी, अनेक क्षेत्रवासी व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## मां शारदा मानस सेवा संस्था की पुरानी कमेटी को सर्वसम्मति से फिर मिला पदभार



उल्लासनगर । सामाजिक और धार्मिक संस्था मां शारदा मानस सेवा संस्था , उल्हासनगर में पुरानी कमेटी को सर्व सम्मति से चुनाव में सम्मान मिला , कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने अपनी पूरी सहमति के साथ जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया , जिसमे अध्यक्ष अनिल लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल , महासचिव,दिनेश हरिलाल अग्रहरि, कोषाध्यक्ष, जय प्रकाश जीता यादव , सरनक्षक नरेंद्र प्रताप जीतनारायण सिंह,संजय कन्हैयालाल गुप्ता, उपाध्यक्ष महेश किशोरीलाल यादव, सुशील सिंह, ब्रिजेश गुप्ता, सलाहकार चंद्रप्रकाश दुबे, विनय विद्याधर दुबे,शीला जयसवाल, हीरा प्रेमलाल ठाकुर, व सभी सभासद गण आए हुए सभी महानुभाव का आभार दिनेश अग्रहरि ने किया

## डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांध कर किया विरोध प्रदर्शन





सोनभद्र । डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के तत्वावधान में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर समस्त अधिवक्ता गण काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया !

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल का छह सूत्रीय मांगों में प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा कराया जाए अथवा आयुष्मान योजना से जोड़ा जाए। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति लखनऊ में मृतक अधिवक्ताओं के लंबित दावों का यथाशीघ्र भुगतान कराया जाए। जिले में अधिवक्ताओं के चेंबर का निर्माण कराया जाए। अधिवक्ता और पत्रकार की मृत्यु पर एक समान धन राशि दिया जाए। इसके अलावा 60 वर्ष से ऊपर आयु के लगभग 40 हजार अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना लागू की जाए और प्रदेश में एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए।

महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता आज के दिन बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया , इसी क्रम में 30 जनवरी को राज्य के सभी जिलों के अधिवक्ता जिला मुख्यालय पर धरना और प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा सात फरवरी को एक दिन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और कचहरी परिसर में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकेगे और अंतिम चरण में 15 फरवरी को प्रदेश के सभी जिलों के अधिवक्ता लखनऊ में एकत्रित होकर विधानसभा का घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन में हीरालाल पटेल, राजबली चौबे, राजेश सिंह, दयाराम यादव, अतुल प्रताप पटेल, पवन कुमार सिंह, प्रदीप कुमार,महेंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार यादव, मृगराज सिंह, अरुण कुमार सिंघल, विरेंद्र कुमार सिंह, फूल सिंह एडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद थे !

## आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज मना रहा है आठवां रंगशीर्ष जयदेव थिएटर फेस्टिवल



दिल्ली

आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज की रंगायन नाट्य समिति ने आठवां रंगशीर्ष जयदेव थिएटर फेस्टिवल 2023 की शुरुआत की। छह दिवसीय इस रंगशीर्ष जयदेव थिएटर फेस्टिवल के तहत 12 जनवरी को स्टेज प्ले के आरंभिक चरण की प्रतियोगिता थी जिसमें दिल्ली एनसीआर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों की नाट्य समितियों ने भाग लिया। इनमें अंतिम चरण की प्रतियोगिता के लिए 10 नाट्य समूह का चयन किया गया जिनका फाइनल राउंड 3 फरवरी को मुक्तधारा में आयोजित है। दिनांक 13 जनवरी को नुक्कड़ नाटक के प्रारंभिक चरण की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें 12 नाट्य समूहों का अंतिम चरण की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है जिसका आयोजन कॉलेज परिसर में दिनांक 4 फरवरी 2023 को किया जाएगा। इनके अलावा कॉलेज के एलुमनी तथा वर्तमान विद्यार्थियों के द्वारा 1और 2 फरवरी को श्रीराम सेंटर मंडी हाउस में क्रमशः 'कालचक्र' और 'खेला पोलमपुर' नाटकों का मंचन किया जाएगा। 'खेला पोलमपुर' की कहानी लोक कथा पर आधारित है जिसके माध्यम से लेखक मणि मधुकर ने समाज में शासक वर्ग द्वारा सामान्य जन के प्रति क्रूरता, भ्रष्टाचार, अत्याचार आदि विषयों को चुटीले व्यंग्य संवाद द्वारा प्रस्तुत किया गया है।इस नाटक का मंचन प्रसिद्ध रंगकर्मी और निर्देशक वशिष्ठ उपाध्याय के निर्देशन में कॉलेज के वर्तमान छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 1970 के दशक में जयवंत दलवी द्वारा मराठी में लिखा गया 'काल चक्र' नाटक दो बूढ़े पति और पत्नी के एक मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी है जो अपने बेटों के भविष्य के लिए अपना सब कुछ खर्च कर देते हैं। जैसे–जैसे वे बूढ़े होते हैं उन्हें एहसास होता है कि उनके बेटों और बहुओं द्वारा उनकी उपेक्षा की जा रही है। जैसा कि उनके बेटे उनके लिए कुछ योजना बनाते हैं, नायक के पास अन्य योजनाएँ होती हैं। काल चक्र नाटक का मंचन कॉलेज के एलुमनी छात्रों द्वारा 2 फरवरी को किया जाएगा।

रंगायन नाट्य समिति कॉलेज की सबसे सक्रिय रंग समितियों में से एक है। यह पिछले लगभग 20 वर्षों से विद्यार्थीयों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर सक्रिय है। रंगशीर्ष जयदेव थिएटर फेस्टिवल दिल्ली विश्विद्यालय के किसी कॉलेज द्वारा आयोजित होने वाला अपने आप में अकेला और विशिष्ट थिएटर फेस्टिवल है जो रंगमंच और नुक्कड़ नाटक को केंद्र में रखकर इतने व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाता है।

महाविद्यालय के सुयोग्य प्राचार्य प्रो ज्ञानतोष झा जी के नेतृत्व और डॉ अरविंद कुमार मिश्र जी के सहयोग से सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही शानदार तरीके से संपन्न होता है जिसे मीडिया का भी पूरा सहयोग रहता है।

## राष्ट्रीय समरस संस्थान साहित्य सृजन की जयपुर जिला इकाई की ११ सदस्यीय कार्यकरिणीं में वरिष्ठ गीतिकार लक्ष्मण रामानुज लड़ीवाला अध्यक्ष एवं डॉ. निशा अग्रवाल महासचिव निर्वाचित



श्री लक्ष्मण रामानुज लाड़ीवाला अध्यक्ष | श्री शिवराज पाल सिंह उपाध्यक्ष | डॉ निशा अग्रवाल महा सचिव

समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत जयपुर इकाई

दिल्ली विकास मिश्र राष्ट्रीय समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुकेश व्यास ष्स्नेहिलष द्वारा वरिष्ठ गीतिकार लक्ष्मण रामानुज लड़ीवाला को जयपुर जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया। अध्यक्ष लक्ष्मण रामानुज लड़ीवाला ने 11 सदस्यीय कार्यकारिणी में राव शिवराज पाल को उपाध्यक्ष, डॉ. निशा अग्रवाल महासचिव एवं वैद्य भगवान सहाय पारीक (प्रभारी राजस्थानी काव्य) के साथ ही वरिष्ठ कवि विजय मिश्र दानिश, गीतिकार गोविंद भारद्वाज, डॉ. एन. एल. शर्मा, कवयित्री वीनू शर्मा, कल्पना गोयल, निरुपमा चतुर्वेदी एवं नम्रता शर्मा को कार्यकरिणीं सदस्य बनाया गया ।समरस संस्थान जयपुर इकाई की प्रथम सभा अध्यक्ष लक्ष्मण रामानुज लड़ीवाला के आवास पर आयोजित हुई। इस सभा में बच्चों के सृजनात्मक विकास हेतु0संस्कृति और विरासत के विकास और संरक्षण हेतु माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए हेरिटेज क्लब बनाने के निर्णय लिए गए। साथ ही राजस्थानी भाषा को प्रोत्साहित करने हेतु बेहतरीन कदम उठाए जाएं। इस पर चर्चा हुई। गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्णय लिए गये।

## वैशाली नगर अजमेर में श्री श्रीयादे माता जयंती की धूम

गिरधारी लाल प्रजापति जग कल्याणी मां श्री श्रीयादे का जन्मोत्सव आज पूरे भारतवर्ष में कुम्हार समाज द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में श्री श्रीयादे नवयुवक मंडल समिति वैशाली नगर अजमेर द्वारा मां श्री श्रीयादे की जयंती अध्यक्ष श्री सत्यनारायण प्रजापति के सानिध्य में मनाई गई। समिति के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण प्रजापति ने दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रोग्राम भोजन प्रसाद महिलाओं द्वारा संगीत का प्रोग्राम बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य आदि प्रस्तुतियों दी गई। को पारितोषिक वितरण भी किया गया। इस समिति ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रात दिन मेहनत की तभी यह समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह की समिति के सभी मेंबर

मुख्य अतिथि डॉ मनीराम जी कुम्हार ,डॉ पवन जी प्रजापति, डॉ मुकेश जी प्रजापति गगवाना,नारायण जी प्रजापति नागौर,तेजाराम जी मेड़ता,मानमल जी प्रजापति, रामनिवास जी प्रजापति, बजरंग जी प्रजापति, ललित जी प्रजापति, महेंद्र जी प्रजापति, सुखपाल जी,पूनमचंद प्रजापति, कुलदीप जी प्रजापति, ओमप्रकाश जी मड़ावरा,हरिजी प्रजापति,मंच संचालन ललित जी,व सीताराम जी प्रजापति ने किया अध्यक्ष रमेश जी प्रजापति ने आये हुए अथितियो का व समाज ने तन मन धन से सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया उसके लिये सभी दिल आभार व्यक्त किया मीडिया प्रभारी पूनमचंद अध्यक्ष श्री सत्यनारायण प्रजापति ,सहित श्री देवी लाल जी ,श्री राजू जी ,श्री मोकम जी, श्री बंसी जी ,श्री जगदीश जी ,श्री प्रदीप जी, श्री द्वारका जी ,रामेश्वर जी शांतिलाल जी, शंकर जी जेठाना ,पत्रकार टीकम चंद प्रजापति तथासमस्त समिति के बड़े बुजुर्ग महिलाएं बच्चे और युवा मौजूद रहे।

**झुग्गी झोपड़ी**

सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित
सम्पादक
संजय कुमार यादव

RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा